## गांजा क्या है?

- **गांजा एक नशा है।**
- गांजे के पौधे में कई प्रकार के रासायनिक यौगिक होते हैं जिन्हें "कैनाबिनोइड्स" कहा जाता है, उदाहरन के तौर पर टी एच सी, सी बी डी।
- टी एच सी (टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल) गांजे के पौधों में प्रमुख कैनाबिनोइड है जो मनोवैज्ञानिक ("उच्च"), हानिकारक प्रभाव और लत का कारण बनता है।
- गांजे के पौधे के अलावा यहां सिंथेटिक कैनबिनोइड्स भी है जो प्रयोगशाला में उत्पादित पदार्थ हैं और इस में टीएचसी या गांजे के पौधे में पाई जाने वाली अन्य कैनबिनोइड्स के समान प्रभाव होता हैं।
- साधारण नाम: "मारिजुआना", "हैश", "घास", या "जंगली घास", आदि।



## गांजा उत्पादों के विभिन्न रूप क्या हैं?


- सबसे आम रूप: **कागज को हाथ से गोल लपेट के बनाई बीड़ी (रोल-अप सिगरेट) में पिया जाता है।**
- अन्य रूप: गांजे की जड़ी-बूटियों या कैनबिनोइड्स को **भोजन, पेय, त्वचा, बालों या नाखूनों पर लगाने के लिए सामयिक उत्पादों में मिश्रित किया जा सकता है; गांजे का अर्क; गांजे की राल या तेल।**
- "कैनबिस", "कैना", "मारिजुआना", "इंडिका", "सैटिवा", "हेम्प", "टीएचसी" जैसे शब्दों या गांजे के पौधे की फोटो को गांजे के उत्पादों की पहचान करने के लिए देखें।



## क्या गांजा हानिकारक है?

- क्या गांजा एक पौधा नहीं है और इसलिए कम हानिकारक है? क्या नकारात्मक प्रभाव केवल अल्पकालिक हैं?
- बहुत से प्राकृतिक पौधों में **विषाक्त** या **हानिकारक तत्व** होते हैं। इसके अलावा, प्रयोगशाला में कई रासायणों के मिश्रण से उच्च क्षमता वाले गैर प्राकृतिक कैनबिनोइड्स अधिक तैयार किये जा रहे हैं।
- कैनबिस एक ऐसा नशा है जिससे नशे की लत लगती है और यह स्वास्थ्य के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, जैसे कि -
  - लत लगना
  - दृष्टिभ्रम
  - मति की हानि
  - बेताबी
  - उदासीनता
  - कम एकाग्रता और विकृत धारणा (दृष्टि, ध्वनि, समय, स्पर्श)
  - चिरकारी बेचैनी और उनींदापन
  - तम्बाकू के साथ उपयोग करने पर कैंसर और शवांस संबंधी रोगों के खतरे बढ़ जाते हैं
  - युवा गांजा उपयोगकर्ताओं में दिल का दौरा और आघात
  - वाहन चलाने में गड़बड़ी और सड़क यातायात चोटों का खतरा बढ़ जाता है

## क्या गांजा हानिकारक है?




## क्या गांजा हानिकारक है?




## क्या गांजे की लत लगती है?

- **हाँ**, दोनों शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से।
- नशेड़ी अधिक गांजा लेते हैं, या "उच्च" प्रभाव को बनाए रखने के लिए अन्य अवैध पदार्थों का उपयोग करते हैं।

## क्या गांजे को औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है?

- गांजे का पौधा **औषधि नहीं** है।
- हांगकांग में, किसी भी पंजीकृत दवा उत्पाद में गांजा या कैनबिनोइड्स नहीं हैं।
- कुछ शोध बताते हैं कि कुछ कैनबिनोइड कुछ बीमारियों के लक्षणों से छुटकारा दिला सकते हैं, (उदाहरण के तौर पर मल्टीपल स्केलेरोसिस (एक दिमागी बिमारी) में दिमागी नसों की (न्यूरोपैथिक) दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन-संबंधी, एक बहुत ही विशिष्ट प्रकार की मिर्गी के दौरे, कीमोथेरेपी के तहत कैंसर का इलाज करवाने वाले रोगियों के लिए उल्टी रोकने)।
- हालांकि, कैनबिनोइड्स असल बीमारी को ठीक नहीं करते हैं और न ही इनमें से किसी भी स्थिति के लिए प्राथमिक उपचार के लिए इस्तेमाल किये जाते है।
- अधिक शोध किए जा रहे हैं।

## कोई मदद कैसे ले सकता है? क्या मामले को गोपनीय रखा जाएगा?

- इन से मदद लें -
  - 24 घंटे की एंटी-ड्रग हॉटलाइन टैलीफोन:
    **186 186**
  - व्हाट्सएप / वीचैट मदद- झट-पट संदेश मांगने के लिए:
    **98 186 186**




- जानकारी को सख्ती से गोपनीय रखा जाता है।

## अगर मुझे पता है कि कोई गांजा या गांजा उत्पाद बेच रहा है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- नशे के अपराधों की सूचना-
  - पुलिस का नशे के अपराधों की सूचना हॉटलाइन टैलीफोन:
    **2527 1234**
  - सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग:
    **2545 6182**
- गांजे के बारे अंग्रेजी में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **www.nd.gov.hk/en/cannabis/furtherinfo_eng.htm** पर जाएं।

## गांजे को न कैसे कहें?

- अगर आपको गांजा (और वास्तव में किसी अन्य नशे को) आजमाने के लिए कहा जाए तो इसे न कहने के लिए कुछ सुझाव:

एक बहाना खोजें ("क्षमा करें, मुझे अब जाना है!")

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक परिणामों के बारे में बात करें




प्रतिकूल प्रस्ताव दें ("नशा हानिकारक है। चलो टहलने चलें!")

या सीधा कहें कि **"नहीं!"**

## मैं कैसे बता सकता हूं कि मेरे दोस्त, बच्चे या छात्र गांजा ले रहे हैं?

- गांजे के उपयोग के लिए **चेतावनी संकेतों** पर ध्यान दें -
  - तेज गंध आना (आमतौर पर सिगरेट-बीड़ी के धुएं से अधिक मजबूत)
  - खाली घूरना
  - बिना किसी कारण के मूर्ख की तरह हंसना
  - लाल, खून सी लाल आंखें होना



- माता-पिता के लिए: ऐसे संकेत कि आपके बच्चे गांजा ले रहे हैं -
  - मिज़ाज में बदलाव
  - शरीर की मजबूत गंध को ढंकने के लिए अगरबत्ती और अन्य डियोडराइज़र या इत्र का उपयोग करना
  - लंबे समय तक गुसलखाने में रहना
  - कमरे में नशीली दवाओं से संबंधित सामान जैसे छोटा हुक्का, पीसने की चक्की, पाइप और घुमावदार कागज (रोल पेपर) होना





## क्या है दंड? क्या सरकार गांजे को वैध करेगी?

- गांजा और गांजे या नियंत्रित कैनबिनोइड्स (जैसे THC) वाले सभी उत्पादों को खतरनाक ड्रग्स अध्यादेश (कैप.134) के तहत नियंत्रित किया जाता है।
- तस्करी और अवैध खपत के लिए **गंभीर** अधिकतम दंड
  - (a) तस्करी: आजीवन कारावास और 50 लाख डॉलर का जुर्माना
  - (b) अवैध कब्ज़ा या खपत: 7 साल की कैद और 10 लाख डॉलर का जुर्माना
- गांजा एक नशा है। संयुक्त राष्ट्र में गांजे के उत्पादन, निर्माण, निर्यात, आयात, उपयोग और कब्जे आदि पर सख्त नियंत्रण है।
- **गांजे के सभी हानिकारक प्रभावों और अंतरराष्ट्रीय नियामक आवश्यकताओं के साथ,** सरकार **गांजे को वैध नहीं करेगी, जिसमें गांजे के तथाकथित “मनोरंजक” के रूप का इस्तेमाल शामिल है।** (जो आम तौर पर गांजे के गैर-चिकित्सा उपयोग को संदर्भित करता है)

## क्या है दंड? क्या सरकार गांजे को वैध करेगी?

- कुछ विदेशी न्यायालयों ने गांजे के "मनोरंजक" उपयोग को वैध बनाया है। इन न्यायालयों द्वारा दिए गए कुछ सर्मथन यहां दिए गए हैं
  - (a) सरकारी कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए गांजे की वैध बिक्री से कर के रूप में आमदनी उत्पन्न करना
  - (b) अवैध गांजा गतिविधियों को कम करने के लिए गांजे के कानूनी उत्पादन को प्रदान करना
  - (c) संगठित अपराध समूहों से गांजे के अधिकांश व्यापार को पुनः प्राप्त करना
  - (d) गांजे के अपराधों से उत्पन्न न्यायालय के कार्यभार को कम करना
  - (e) गांजे तक उनकी पहुँच को सीमित करके युवा व्यक्तियों के स्वास्थ्य की रक्षा करना
- बिंदु (a) से (d) हांगकांग के संदर्भ में उचित विचार नहीं हैं। वास्तव में हम मानते हैं कि जिस “लाभ” का दावा किया गया है वह गांजे के दुरुपयोग द्वारा समाज में लाई गई हानि को दूर नहीं कर सकता है।
- जैसे कि बिंदु (e), अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड ने बताया है कि वास्तव में, पर्याप्त संख्या में लाइसेंस प्राप्त गांजे के कारोबार युवा लोगों को गांजा बेच रहे हैं।

# गांजा एक नशा है

**मदद की तलाश / पूछताछ** (सेवाएं केवल कैंटोनीज और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है।)

**हॉटलाइन : 186 186**

**वाट्सअप / वी चैट : 98 186 186**

मादक पदार्थ प्रभाग, सुरक्षा विभाग

मादक पदार्थ के खिलाफ कारवाई की समिति

CANNABIS A DRUG